सपने में रात में आया मुरली वाला री

सपने में रात में आया मुरली वाला री,
मेरे दिल में बस गयो श्याम जपू मैं माला री ,

वो बोला सुन मेरी राधा माई तेरे बिना हू आधा
मेरी बंसी तुझे पुकारे आ दौड़ी यमुना किनारे॥
ग्वाल बाल में प्यारा कृष्ण काला री,
मेरे दिल में बस गयो श्याम जपू मैं माला री,

वो झूले कदम की डारी मैं संग में झूलन वारी,
रंग रसिया श्याम मुरारी करे मीठी बतियां प्यारी ॥
जादू सा मो पे करता वो नंदलाला री
मेरे दिल में बस गयो श्याम जपू मैं माला री....

मेरा हाथ पकड़ के डोले नैनन की भाषा बोले
मैं हो गयी श्याम दीवानी मोहे दे गयो खास निशानी ॥
मेरा खो गयो खेलें में कान का बाला री
मेरे दिल में बस गयो श्याम जपू मैं माला री ....

वो नटखट नन्दकिशोरा छलिया गोकुल का छोरा,
सपने में आन सातवे फिर चैन मुझे न आवे,
मेरे मन का कमल खिलावे श्याम गोपाला री,
मेरे दिल में बस गयो श्याम जपू मैं माला री,
सपने में रात में आया मुरली वाला री,
मेरे दिल बस गयो श्याम जपू मै माला री......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4788/title/sapne-me-raat-ayaa-murali-vala-ri-mere-dil-me-bas-gayo-shyam-japu-main-mala-ri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |